# श्याम तेरा सहारा छूटे ना भजन लिरिक्स

श्याम तेरा सहारा छूटे ना,

दोहा – हमने अपने आप की,
तुमको दे दी डोर,
आगे मर्जी आपकी,
हमे ले जाओ जिस ओर।

---

तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छूटे ना,
जग रूठे तो चाहे रूठे,
तू बस मुझसे रूठे ना,
तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छुटे ना।bd।

---

आयी शरण मैं छोड़ जमाना,
सुन लो मोहन दर्द फसाना,
कर दो मुझ पर रहमो करम,
आस ये मेरी टूटे ना,
तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छुटे ना।bd।

---

जनम-जनम का तुम संग नाता,
तेरे सिवा अब कुछ ना भाता,
हार गई अब मैं तो श्याम,
नैया मेरी डूबे ना,
तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छुटे ना।bd।

---

अब तो दर्श दिखा दो बाबा,
अर्जी मेरी सुन लो बाबा,
तुम संग प्रीत की बाँधी डोर,
तोड़े से भी टूटे ना,
तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छुटे ना।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

एक नजर मुझ पर पड़ जाए,
खुशियों से दामन भर जाए,
रोम रोम में नाम तेरा,
'विक्की' इक पल भूले ना,
तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छुटे ना।bd।

तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छूटें ना,
जग रूठे तो चाहे रूठे,
तू बस मुझसे रूठे ना,
तेरा सहारा छूटे ना,
श्याम तेरा सहारा छुटे ना।bd।

**Singer – Tulsi Goyal**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com